**संख्या-134/2022/981/001-981-23-10-2022-51(सामान्य)/2022**

प्रेषक,

प्रभुनाथ ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास)/विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

**लोक निर्माण अनुभाग-10** **लखनऊ दिनांक 01 अक्टूबर, 2022**

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत बरेली क्षेत्र के जनपद बरेली के कुल 04 चालू सेतु के निर्माण कार्य हेतु धनराशि काआवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता (31वां वृत्त सेतु) लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्रांक-1556/सी0ई0-एस0ई0बी0/आर0वाई0बी0/बी0ए0आर0/2022-23 दिनांक 19.09.2022 एवं पत्रांक-1474/सी0ई0-एस0ई0बी0/आर0वाई0बी0/बी0ए0आर0/2022-23 दिनांक 16.09.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत बरेली क्षेत्र के जनपद बरेली के कुल 04 चालू सेतु के निर्माण कार्य हेतु निम्नांकित तालिका के कॉलम-04 में अंकित कार्यों के सापेक्ष तालिका के कॉलम-13 में अंकित लागत कुल धनराशि रू0 242.40 लाख (रूपये दो करोड़ बयालीस लाख चालीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण/ शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र सं. | क्षेत्र का नाम | खण्ड/जनपद | मार्ग का नाम | स्वीकृत मूल लागत | दिनॉक 31.3.2021 तक आवंटन | दिनॉक01.04.22 को अवशेष | बचत | वर्ष 2022-23मे आवंटन | अद्यतन अवशेष | वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | अनुदान सं0-57 | अनुदान सं0-83 | योग (11+12) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | बरेली | प्रा.ख. बरेली | जनपद बरेली में ग्राम सुन्दरासी एवं मैलऊ के मध्य देवरनिया नदी पर मुख्य सेतु, पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग निर्माण कार्य। | 971.80 | 521.75 | 450.05 | 2.00 | 0.00 | 448.05 | **110.31** | **29.69** | **140.00** |
| 2 | बरेली | प्रा.ख. बदायूं | जनपद बदायूं में ग्राम अमीरगंज से धौरेरा मार्ग पर लघु सेतु(3x6) एव पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | 97.45 | 70.23 | 27.22 | 0.15 | 0.00 | 27.07 | **21.33** | **5.74** | **27.07** |
| 3 | बरेली | प्रा.ख. बदायूं | जनपद बदायूं में लालपुर खादर मार्ग से मौजमपुर मार्ग पर ध्वस्त पुलिया के स्थान पर लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य । | 85.20 | 45.10 | 40.10 | 0.24 | 0.00 | 39.86 | **31.41** | **8.45** | **39.86** |

| क्र सं | क्षेत्र का नाम | खण्ड/जनपद | मार्ग का नाम | स्वीकृत मूल लागत | दिनांक 31.3.2021 तक आवंटन | दिनांक01.04.2022 को अवशेष | बचत | वर्ष 2022-23में आवंटन | अद्यतन अवशेष | वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | अनुदान सं0-57 | अनुदान सं0-83 | योग (11+12) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 4 | बरेली | प्रा.ख. बदायूं | जनपद बदायूं में गढ़िया रंगीन लालपुर खादर मार्ग से कटकौरा मार्ग पर ध्वस्त पुलिया के स्थान पर लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य । | 76.37 | 40.69 | 35.68 | 0.21 | 0.00 | 35.47 | **27.95** | **7.52** | **35.47** |
| | | | **योग:-** | **1230.82** | **677.77** | **553.05** | **2.60** | **0.00** | **550.45** | **191.00** | **51.40** | **242.40** |

**अवमुक्त धनराशि रू0 242.40 लाख (रूपये दो करोड़ बयालीस लाख चालीस हजार मात्र)**

**नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों**

(1) अवमुक्त की जाने वाली धनराशि केवल उपरोक्त अंकित परियोजनाओं पर ही मानक/ विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा ।

(2) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संबंधी मूल शासनादेशों की शेष शर्तें एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 1,91,00,000 ( रुपये एक करोड़ इक्यानबे लाख मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखाशीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 51,40,000 ( रुपये इक्यावन लाख चालीस हजार मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07 जून, 2022 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(प्रभुनाथ)
विशेष सचिव।

संख्या-134/2022/981/001-981-23-10-2022-51-सा0-2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
(6) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 ।
(7) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(8) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(प्रभुनाथ)
विशेष सचिव।